दैनिक
न्याय साक्षी



# केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुये राष्ट्रपति कोविंद

**» उईके और बघेल की मौजूदगी में 74 विद्यार्थियों को दिये गोल्ड मेडल, पीएचडी डिग्री से भी 75 विद्यार्थियों को नवाजा**

**रायपुर।** गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर बिलासपुर में आज राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने 8वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की और 74 उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल तथा 75 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की।

सुबह 11 बजे शुरू हुये इस दीक्षांत समारोह में 9 संकायों के श्रेष्ठ विद्यार्थियों को गोल्ड प्रदान किये गये। इससे पहले दीक्षांत समारोह शोभायात्रा निकाली गई और विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रपति श्री कोविंद ने समूह फोटो भी खिंचाई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री अशोक मोडक,




कुलपति प्रोफेसर अंजिला गुप्ता और कुलसचिव प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह में 74 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया गया। जिनमें 44 छात्राएं एवं 30 छात्र शामिल रहे। इसी प्रकार 75 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई। जिनमें 49 छात्र और 29 छात्राएं शामिल रही। दीक्षांत समारोह को राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने लगभग 13 मिनट तक संबोधित किया और संबोधन से उपस्थित विद्यार्थियों तथा शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।

सोमवार शुभ दिन दीक्षांत समारोह होना सुखद संयोग- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि बिलासपुर केन्द्रीय विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध समाज सुधारक और सतनाम पंथ के संस्थापक गुरू घासीदास जी के नाम पर स्थापित है। गुरूजी के अनुयायियों की मान्यता के आधार पर सोमवार शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि सन् 1756 में सोमवार के दिन ही गुरू घासीदास जी का अवतरण हुआ था और आज केन्द्रीय विश्वविद्यालय के इस दीक्षांत समारोह का दिन भी सोमवार है। राष्ट्रपति ने इस शुभ दिन पर अपनी पढ़ाई पूरी कर दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास जी ने हमेशा समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान के लिये सदमार्ग सुझाया। गुरू घासीदास जी ने मनखे-मनखे एक समान के आदर्श पर चलकर समाज में मेलजोल, समरसता से रहने और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। राष्ट्रपति श्री कोविंद ने कहा कि गुरू घासीदास जी कहते थे कि सत्य की सेवा ही मनुष्य की करूणा, चैतन्य, प्रेम, संयम तथा चरित्र का प्रतीक होता है। लोगों को सद्चरित्र निर्माण के लिये सतनाम का अनुसरण करना ही चाहिये और सभी धर्मों की अच्छी बातों-आदर्शों का अनुसरण करना चाहिये।

## हिन्दी विशिष्ट भाषा पर्चा के साथ 12वीं बोर्ड की परीक्षा आज से प्रारंभ

**» राज्य के कुल 2 लाख 77 हजार 475 परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र जारी**

**» परीक्षार्थियों के लिए प्रदेश भर में 2306 परीक्षा केन्द्र बनाया गया**

**» 10वीं बोर्ड की परीक्षा कल से होगी प्रारंभ**



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड की परीक्षा आज से प्रारंभ हो गई है। बोर्ड ने परीक्षा में नकल रोकने के लिए उड़नदस्तों का भी गठन किया है। परीक्षार्थियों को तनाव से मुक्त रखने के उद्देश्य से पहला पर्चा विशिष्ट हिन्दी अथवा चयनित भाषा का है।

माशिमं द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड की परीक्षा आज से प्रारंभ हो गई है। बोर्ड की ओर से आयोजित इस परीक्षा में राज्य से कुल 2, 77, 475 परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र जारी किया गया था। इन परीक्षार्थियों के लिए राज्य में कुल 2304 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। राज्य में सबसे अधिक परीक्षा केन्द्र राजनांदगांव जिले में बनाया गया है। राजनांदगावं में सर्वाधिक 166 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। वहीं राजधानी रायपुर में इस वर्ष 16000 परीक्षार्थी 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। रायपुर जिले में परीक्षार्थियों के लिए 144 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह बिलासपुर में 154, रायगढ़ में 143 व दुर्ग में 124 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। माशिमं की ओर से नकल प्रकरण में नाम शामिल होने वाले तथा विभिन्न कारणों को ध्यान में रखते हुए पूर्व में बनाए गए 5 परीक्षा केन्द्र को बंद कर दिया है, इनके स्थान पर 77 नए विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### घर के बाहर खेल रही मासूम को तेज टाटा एस वाहन ने कुचला,मौत

**» वाहन चालक के खिलाफ 304 ए के तहत अपराध दर्ज**

**रायपुर (आरएनएस)।** घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची को तेज रफ्तार टाटा एस वाहन ने रौंद दिया जिसके चलते घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट खरोरा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चिंगरिया खरोरा निवासी त्रिलोक कुमार धीवर 25 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी की बेटी पारथी खुंटे 1 साल 6 माह अपने घर के बाहर खेल रही थी तभी तेज रफ्तार टाटा एस क्रमांक सीजी 04 एम. जी. 0512 के चालक ने मासूम को अपनी चपेट में ले लिया। इलाज के लिये मासूम को नजदीकी कृष्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने टाटा एस वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध कायम कर मर्ग कायम कर लिया है।

### शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर मिली जान से मारने की धमकी

**रायपुर (आरएनएस)।** नशेड़ियों द्वारा नशा कर आए दिन शहर के चौक चौराहों पर उत्पात कर लोगों को परेशान कर शांति भंग की जाती है। इसी कड़ी में राजेंद्र नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार राजीव पटेल आयु 28 वर्ष पिता प्रभुदयाल पटेल निवासी सर्वोदय नगर न्यु राजेंद्र नगर द्वारा प्रार्थी रोशन ठाकुर आयु 26 वर्ष पिता सुरेंद्र ठाकुर से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। पैसा नहीं देने पर प्रार्थी के साथ गालीगलौज करते हुए आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले में थाना राजेंद्र नगर ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 294 एवं 327 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### ट्रक की चपेट में आने से कार हुई क्षतिग्रस्त, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार ट्रक चालक ने कार को अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की रिपोर्ट डीडी नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कार चालक नरेंद्र सिंह परिहार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी की आई 10 कार क्रमांक सीजी 04 एलएल 1198 को कुशालपुर चौक के पास तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने ठोकर मार दिया जिसके चलते कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### मुख्यमंत्री ने संत पवन दीवान की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय माटी पुत्र, कवि और प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक संत पवन दीवान को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। श्री बघेल ने संत दीवान को नमन करते हुए कहा कि संत पवन दीवान के भाषणों में माटी की सौंधी महक महसूस होती थी। उनकी वाक कला का जादू लोगों को मंत्रमुग्ध कर देता था। संत दीवान ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और हमेशा छत्तीसगढ़ की प्रगति के लिए कार्य करते रहे। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ को संत पवन दीवान की कमी हमेशा महसूस होती रहेगी।

### दो सिंचाई योजनाओं के लिए पांच करोड़ रूपए से अधिक स्वीकृत

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन ने दो सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए पांच करोड़ 33 लाख 95 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। स्वीकृत इन योजनाओं में सूरजपुर जिले के प्रेमनगर विकासखण्ड के अंतर्गत परसाढ़ोढ़ा जलाशय योजना के लिए दो करोड़ 85 लाख 70 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजना का कार्य पूर्ण हो जाने पर क्षेत्र के किसानों को 149 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसी तरह से बलरामपुर रामानुजगंज जिले के बलरामपुर विकासखण्ड के अंतर्गत नवाडीह (तातापानी) जलाशय योजना के कार्यों को पूर्ण करने के लिए दो करोड़ 48 लाख रूपए स्वीकृत किए है, इस योजना का कार्य पूर्ण हो जाने पर क्षेत्र के किसानों के खेतों में 209 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलने लगेगी।

## नौकरी लगवाने का लालच देकर लाखों रूपए की ठगी

**» आरोपी गिरफ्तार**




**रायपुर (आरएनएस)।** नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रूपए की ठगी किये जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में सहायक विस्तार अधिकारी के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर 4 लाख 20 हजार रुपए की ठगी की गई है। कृष्णानगर निवासी नरेन्द्र देवांगन ने साल 2017-18 में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में सहायक विस्तार अधिकारी के पद पर परीक्षा में शामिल हुआ था। चयन कराने के नाम पर उसके ही परिचित खमतराई निवासी बी. ईश्वर राव ने विभाग में रसूख होने का हवाला देकर नाम चयन सूची में डलवाने का भरोसा हासिल कर लाखों रूपए ले लिए जिसके बाद चयन सूची में नाम नहीं आने पर पीड़ित ने पद के लिए दी रकम के वापसी की मांग की। जिसे लौटाने से आरोपी ने इंकार कर दिया है। जिसके कारण पीड़ित ने रायपुर एसएसपी आरिफ शेख के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

## पटना के लिए 08 को दुर्ग रवाना होगी होली स्पेशल ट्रेन

**रायपुर (आरएनएस)।** होली पर्व को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा दुर्ग-पटना- दुर्ग के बीच 08295/ 08296 दुर्ग- पटना -दुर्ग होली एक्सप्रेस 1 फेरे के लिए चलाई जा रही है । यह गाड़ी 08295 दुर्ग से दिनांक 8 मार्च 2020 रविवार को 16:15 बजे रवाना होगी एवं 09 मार्च सोमवार को 11:45 बजे पटना पहुंचेगी । यह गाड़ी रायपुर से 17:05 बजे, भाटापारा से 18.02 बजे बिलासपुर से 19:10 बजे पटना के लिए रवाना होगी । गाड़ी संख्या 08296 पटना- दुर्ग होली एक्सप्रेस पटना से बुधवार दिनांक 11 मार्च 2020 को 12:45 बजे रवाना होकर अगले दिन 12 मार्च गुरुवार को 10:30 बजे दुर्ग पहुंचेगी । यह गाड़ी रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर,चांपा, रायगढ़ झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, बोकारो सिटी, गया होते हुए पटना पहुंचेगी । इस गाड़ी में 02 एसएलआर कोच, 02 सामान्य श्रेणी के कोच 14 स्लीपर कोच 2 एसी थ्री कोच एवं 01 एसी टू कोच सहित कुल 21 कोच रहेंगे।




**» विधानसभा अध्यक्ष ने मंत्री को मामले में पुनः परीक्षण कराने के दिए निर्देश**

## धान खरीदी हेतु पंजीकृत किसानों का रकबा में कटौती करने के मुद्दे पर घिरे राजस्व मंत्री

**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा में आज विपक्षी दलों ने राज्य सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहे धान के रकबा में कटौती किए जाने का मामला जोरशोर से हुए राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को घेरा। विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने इस मामले में विपक्षी सदस्यों की चिंता को देखते हुए राजस्व मंत्री को इस मामले में पुनः परीक्षण कराने के निर्देश दिए।

प्रश्नकाल में आज बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सदस्य केशवप्रसाद चंद्रा ने जांजगीर-चांपा जिले में पंजीकृत किसानों का रकबा काटे जाने का मामला उठाते हुए मंत्री से पूछा कि रकबा में कटौती करने का कारण क्या है। क्या इसके लिए अधिकारियों को सरकार ने निर्देशित किया था अगर नहीं तो उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए जो बिना सरकार के निर्देश के रकबा में कटौती की है। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि सरकार ने




ऐसे कोई निर्देश नहीं दिए है। उन्होंने कहा कि जिले में वर्ष 2019-20 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु 173205 किसानों का पंजीयन पर्ची के आधार पर किया गया है जिसमें से 26969 नवीन पंजीयन है। उन्होंने यह भी कहा कि धान खरीदी हेतु पंजीकृत रकबा-खसरा एवं राजस्व रिकार्ड अनुसार वास्तविक रकबा में अंतर होने के कारण 20254 किसानों का रकबा संशोधन राजस्व रिकार्ड अनुसार किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि 20 फरवरी 2020 तक कुल 558 किसानों का रकबा पंजीयन में संशोधन किया गया जिसमें से 554 पात्र किसानों का रकबा संशोधन वृद्धि किया गया, वहीं अन्य चार किसानों के अलग-अलग कारण से उनके रकबे में संशोधन नहीं किया गया। मंत्री ने बसपा सदस्य के एक अन्य प्रश्न के उत्तर में यह भी कहा कि सत्यापन के बाद किसानों का पंजीयन नहीं बल्कि पंजीयन पहले होता है। बसपा सदस्य श्री चंद्रा ने इस पर कहा कि जिन 554 पात्र किसानों का रकबा में पहले अधिकारियों द्वारा कटौती की गई थी उसका कारण क्या है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार के निर्देश के बगैर उन किसानों के रकबा में कटौती की गई थी तो क्यो वे ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। भाजपा सदस्य नारायण चंदेल ने भी राजस्व मंत्री से सवाल किया कि पंजीकृत किसानों का रकबा क्या सरकार के निर्देश पर काटा गया था या फिर अधिकारियों ने अपनी मर्जी से रकबा में कटौती की थी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में किसानों का रकबा काटा जा रहा है। नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने आरोप लगाया कि रकबा में कटौती कर सरकार किसानों से धान खरीदने से बचना चाहती है।

## मंत्री डॉ. डहरिया देवांगन समाज के वार्षिक सम्मेलन में हुए शामिल



» सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6.5 लाख रूपए की घोषणा

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया आरंग विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जुगेसर में आयोजित खरोरा राज देवांगन समाज वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। डॉ. डहरिया ने इस दौरान जुगेसर में देवांगन समाज सामुदायिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि समाज की मांग पर आरंग नगर में देवांगन समाज के सामुदायिक भवन के लिए 22 लाख रूपए की स्वीकृति पहले ही कर दी गई है। इसके अतिरिक्त देवांगन समाज के सामुदायिक भवन के लिए रायपुर तथा नवापारा राजिम में 15-15 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देवांगन समाज स्वयं के बलबुते अपने आप को स्थापित करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। चाहे रोजी-रोटी की बात हो, संस्कृति, समाज में सहभागिता के साथ आगे बढ़ रही है। डॉ. डहरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में सभी समाज सामाजिक समरसता के साथ आगे बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ की पहचान विशेष तौर पर किसान है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सरकार बनते की किसानों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए किसानों का अल्प कृषि ऋण माफ किया। साथ ही किसानों के उपज को समर्थन मूल्य देकर उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने का काम किया है। केन्द्र में मंदी की स्थिति के बावजूद भी छत्तीसगढ़ में मंदी का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। आज किसान व्यापारी भूपेश बघेल की सरकार से प्रसन्न है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार आम गरीब परिवारों को बिजली बिल से निजात दिलाने के लिए 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ किया।

## अनियंत्रित पिकअप वाहन पलटी 5 की मौत 25 से अधिक घायल




**» रायकोट के पास हुआ हादसा**

**जगदलपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर रायकोट के पास ग्रामीणों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 05 ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई है, वहीं 25 से अधिक घायल हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मांडवा के 40 से अधिक ग्रामीण पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 17बी 4111 में बैठकर तोकापाल साप्ताहिक बाजार जाने के लिए निकले थे, तभी रायकोट के पास अनियंत्रित होकर पीकप पलट गई। इस हादसे में 05 ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं 25 से अधिक ग्रामीण घायल हुए हैं, जिन्हें डीमरापाल मेड़िकल कालेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घायलों में कई ग्रामीणों की हालत गंभीर बनी हुई है। साप्ताहिक बाजार का दिन ग्रामीण क्षेत्रों में पीकप वाहन आवागमन का मुख्य साधन होता है, जिसमें एक गाड़ी में 50 से अधिक लोग सवार हो जाते हैं, अधिक लोग सवार होने के कारण कई बार ऐसे हादसे हो चुके हैं।

# विधायक विकास उपाध्याय ने किया अपने क्षेत्र के तालाबों का निरीक्षण

**» निगम आयुक्त के साथ स्मार्ट सिटी के अधिकारी भी रहे उपस्थित**

**रायपुर (आरएनएस)।** सरोहर हमारी धरोहर योजना के तहत पश्चिम विधानसभा के तालाबों का आज विधायक विकास उपाध्याय ने निगम कमिश्नर सौरभ कुमार,स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना के तहत इन तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण कार्य का भी जायजा लिया।



विधायक विकास उपाध्याय ने आज अपने क्षेत्र के ठाकुर प्यारेलाल वार्ड के डंगनिया तालाब, दीनदयाल उपाध्याय का रोहिनीपुरम तालाब, रामकुंड के कारी तालाब, चौबे कालोनी के करबला तालाब रामनगर शीतला मंदिर तालाब, डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड अशोक नगर, विकास नगर झगरहिन तालाब का सौन्द्रीयकरण एवं सफाई कार्य का जायजा लिया। विधायक श्री उपाध्याय ने आपके विधायक आपके द्वार के अन्तर्गत पश्चिम विधानसभा के तालाबों का भी निरीक्षण किया। सरोहर हमारी धरोहर योजना के तहत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तालाबों का उन्होंने निगम कमिश्नर सौरभ कुमार, स्मार्ट सिटी के अधिकारी एवं वार्ड के पार्षदों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक विकास उपाध्याय के साथ एमआईसी सदस्य एवं पार्षद ज्ञानेश शर्मा, धनंजय सिंह ठाकुर, शिवश्याम शुक्ला, देव साहू, आरती उपाध्याय, योगेश दीक्षित, ईश्वरी नामदेव,धीरज बेस,मणिराम साहू,वारेंद्र साहू,संदीप सिरमौर,अशोक शर्मा,कुलदीप ध्रुव,गोपाल वर्मा,मुकेश साहू,किशन धीवर,वेदप्रकाश कुशवाह एवं कांग्रेस अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक



आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU